# LJ-1213

## B.Com. (Part-III)

Term End Examination, 2021

Paper - I

Income Tax

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

[*Minimum Pass Marks* : 25

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**Note** : Answer **all** questions. All questions carry equal marks.

### इकाई / Unit-I

1. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(*a*) अर्जित अवकाश का वेतन

(*b*) माना हुआ करदाता और चूक में करदाता

(*c*) गत वर्ष एवं गत वर्ष के अपवाद

Write notes on the following :

(*a*) Leave encashment

(*b*) Deemed assessee and assessee in default

(*c*) Previous year and exceptions of previous year

*अथवा / OR*

(*a*) निम्न विवरण के आधार पर कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए मि० नरेन्द्र के कर दायित्व की गणना कीजिए :

(*i*) कृषि आय ₹ 86,000

(*ii*) रबर के निर्माण से आय ₹ 6,44,000

Compute the tax liability of Mr. Narendra on the basis of following particulars for the Assessment Year 2020-21 :

(*i*) Agricultural Income ₹ 86,000

(*ii*) Income from manufacturing Rubber ₹ 6,44,000

(*b*) कुमारी शोभा जैन गत वर्ष में 15 मई, 2019 को अपने मूल निवास जगदलपुर (भारत) से सिंगापुर में अपने चाचा के पास रहने गयी। वह 25 मार्च, 2020 को पुनः भारत लौट

आयी और रायपुर की एक कम्पनी में सहायक प्रबंधक के पद पर नियुक्त हुई। कया वह 'निवासी' मानी जाएगी?

Miss Shobha Jain a citizen of India (Jagdalpur), left India on 15th of May, 2019 for Singapore to stay with her uncle. She came back to India on 25th March, 2020 and joined the Assistant Manager post in a company in Raipur. Say whether she will be considered 'Resident'?

## इकाई / Unit-II

2. निम्न सूचनाओं के आधार पर मकान सम्पत्ति से आय की गणना कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| उचित किरया | 72,000 |
| मकान किराए पर दिया | 7,000 मासिक |
| मानक किराया | 60,000 |
| नगरपालिका कर का भुगतान किया न.पा. मूल्य का 20% | |
| गत वर्ष 2018-19 | 10,000 |
| गत वर्ष 2019-20 | 10,000 |

अन्य सूचनाएँ निम्न हैं :

(*a*) गत वर्ष में मकान दो माह खाली रहा।

(*b*) कर-निर्धारण वर्ष 2018-19 में न वसूल हुए किराये की कटौती दी गई परन्तु गत वर्ष 2019-20 में ₹ 20,000 प्राप्त हुए।

(*c*) न वसूल हुए किराये को वसूल करने में ₹ 5,000 खर्च हुए।

(*d*) गत वर्ष में बकाया किराया प्राप्त हुआ ₹ 12,000।

Compute the income from house property from the following information :

| | ₹ |
|---|---|
| Fair rent | 72,000 |
| Let out House | 7,000 p.m. |
| Standard rent | 60,000 |
| Municipal tax paid @ 20% of M.V. | |
| Previous Year 2018-19 | 10,000 |
| Previous Year 2019-20 | 10,000 |

Other information are as follows :

(*a*) House remained vacant for two months during the previous year.

(*b*) Unrealised rent allowed as a deduction in the Assessment Year 2018-19 but received during the Previous Year 2019-20 ₹ 20,000.

(*c*) Expenditure incurred on collecting unrealised rent ₹ 5,000.

(*d*) Arrears of rent received during the Previous Year ₹ 12,000.

***अथवा / OR***

श्री आकाश कुमार एक कारखाने में 1 जनवरी, 2010 से ₹ 12,000-1,000-24,000 वेतन मान पर नियुक्त हुए। 1 सितम्बर, 2019 को व्यापार बंद होने के कारण छंटनी की गई तथा उसकी सेवाएँ समाप्त कर दी गई और उसने अपने नियोक्ता से औद्योगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत ₹ 2,00,000 की राशि क्षतिपूर्ति के रूप में प्राप्त की तथा ग्रेच्युइटी भुगतान अधिनियम, 1972 के अन्तर्गत ₹ 1,50,000 ग्रेच्युइटी प्राप्त की। उसे प्रति वर्ष 30 दिन का अर्जित अवकाश लेने का अधिकार था। सेवा समाप्त होने के समय उसे 8 माह के अर्जित अवकाश के लिए ₹ 1,68,000 का वेतन प्राप्त हुआ। 1 दिसम्बर, 2019 को उसने ₹ 30,000 प्रति माह की दूसरी नौकरी प्राप्त कर ली। अपने रिहायशी मकान के सुधार के लिए उसने अपने नियोक्ता से 1 फरवरी, 2020 को 4 माह का वेतन अग्रिम लिया तथा ₹ 20,000 का ऋण लिया। यह मानते हुए कि वेतन अगले माह की पहली तिथि को देय है, कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए उसकी वेतन शीर्षक की कर-योग्य आय की गणना कीजिए।

Mr. Akash Kumar was appointed in a factory on 1st January, 2010 in the pay scale of ₹ 12,000-1,000-24,000. On 1st September, 2019 his services were terminated at the time of retrenchment on account of closure of business and he received a compensation of ₹ 2,00,000 from his employer under the Industrial Disputes Act and he received also Gratuity ₹ 1,50,000 under the Payment of Gratuity Act, 1972. He was entittled to avail earned leave of 30 days each year. At the time of termination of his service, he was also paid ₹ 1,68,000 for 8 months earned leave not availed of by him during the period of service. On 1st December, 2019 he got another appointment on a monthly salary of ₹ 30,000. On 1st February, 2020 in order to meet the expenses for repair of his home, he received an advance of 4 months salary and also took a loan of ₹ 20,000 from his employer for the purupose. Determine his taxable income under the head 'Salaries' for the Assessment Year 2020-21 assuming that the salary is due on the first of the next month.

## इकाई / Unit-III

3. (*a*) निम्न सूचनाओं से अन्य साधनों से आय की गणना कीजिए :

(*i*) दोस्त से ₹ 30,000 उपहार में मिले।

(*ii*) बड़े भाई से ₹ 1,00,000 उपहार में मिले।

(*iii*) अपने विवाह पर ₹ 2,40,000 उपहार में मिले।

(*iv*) भारत में अनिवासी भारतीय से ₹ 80,000 उपहार में मिले।

(*v*) अन्य दोस्त से ₹ 28,000 उपहार में मिले।

(*vi*) माँ से ₹ 1,00,000 का हार उपहार में मिला।

Calculate income from other sources from the information given below :

(*i*) Received ₹ 30,000 as a gift from his friend.

(*ii*) Received ₹ 1,00,000 as a gift from his elder brother.

(*iii*) Received ₹ 2,40,000 as a gift on his marriage.

(*iv*) Received ₹ 80,000 as a gift from his NRI friend.

(*v*) Gift of ₹ 28,000 received from his another friend.

(*vi*) Gift of a necklace worth ₹ 1,00,000 from his mother.

(*b*) 1.8.1997 को श्री तिवारी ने एक प्लॉट ₹ 40,000 में खरीदा। 1.4.2001 को इसका उचित बाजार मूल्य ₹ 80,000 था। 3.8.2019 को श्री तिवारी ने प्लॉट ₹ 15,00,000 में बेच दिया तथा दलाली आदि विक्रय मूल्य के 2% के बराबर दी गई। प्राप्त प्रतिफल में से उसने ₹ 7,35,000 एक आवासीय मकान के निर्माण पर व्यय किये जो 30.6.2020 से पूर्व बनकर तैयार हो गया था। यह मानते हुए कि श्री तिवारी के पास अन्य कोई रहने का मकान नहीं है, कर निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए उसकी करयोग्य पूँजी लाभों की राशि ज्ञात कीजिए।

On 1.8.1997 Mr. Tiwari purchased a plot for ₹ 40,000. The fair market value of the plot on 1.4.2001 was ₹ 80,000. On 3.8.2019 Mr. Tiwari sold the plot for ₹ 15,00,000 and paid brokerage etc. @ 2% on sales consideration. Out of the sales consideration he invested ₹ 7,35,000 in the construction of a residential house which was completed before 30.6.2020. Compute the taxable amount of capital gains of Mr. Tiwari for the Assessment Year 2020-21 assuming that he does not own any other residential house.

***अथवा / OR***

डॉ० जे० एस० खालसा एक चिकित्सक है। उसने 31.3.2020 को समाप्त होने वाले वर्ष के संबंध में रोकड़ खाते का निम्न संक्षेप दिया :

| | (₹) | | (₹) |
|---|---|---|---|
| शेष | 10,000 | दवाखाने का किराया | 18,000 |
| परामर्श शुल्क | 60,000 | दवाओं की खरीद | 38,000 |
| घर जाने का शुल्क | 45,000 | स्टॉफ का वेतन | 24,000 |
| भेंट तथा उपहार | 8,000 | शल्य यंत्र | 40,000 |
| दवाओं की बिक्री | 42,000 | मोटर कार व्यय | 8,000 |
| UTI पर लाभांश | 6,000 | मोटर कार की खरीद | 1,40,000 |
| जीवन बीमा पॉलिसी परिपक्वता | 1,00,000 | घरेलू व्यय | 7,000 |
| राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र से ब्याज | 6,000 | शेष | 2,000 |
| | 2,77,000 | | 2,77,000 |

अन्य सूचनाएँ :

(*a*) कार के 50% खर्चे पेशे के लिए किए गए। कार दिसम्बर, 2019 में खरीदी गई थी।

(*b*) घर खर्च में ₹ 6,800 जीवन बीमा प्रीमियम के शामिल हैं।

(c) उपहारों में ₹ 3,000 रिश्तेदारों से प्राप्त शामिल है।

(d) 1.4.2019 को दवाओं का रहतिया ₹ 4,000 था और अंतिम रहतिया ₹ 12,000 है।

कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए पेशे से आय की गणना कीजिए।

Dr. J. S. Khalsa is Medical Practitioner. He gives you the following summary of cash book for the year ending 31.3.2020 :

| | (₹) | | (₹) |
|---|---|---|---|
| To Balance | 10,000 | By Rent of Clinic | 18,000 |
| To Consultation fees | 60,000 | By Purchase of Medicine | 38,000 |
| To Visiting fees | 45,000 | By Staff Salaries | 24,000 |
| To Gifts and Presents | 8,000 | By Surgical equipments | 40,000 |
| To Sale of medicines | 42,000 | By Motor car expenses | 8,000 |
| To Dividend from UTI | 6,000 | Purchase of Motor car | 1,40,000 |
| To Life Insurance Maturity | 1,00,000 | By Household expenses | 7,000 |
| To interest from N.S.C. | 6,000 | By Balance | 2,000 |
| | 2,77,000 | | 2,77,000 |

Other information :

(*a*) 50% of the motor car expenses incurred in connection with the profession, car was purchased in December, 2019.

(*b*) Household expenses include ₹ 6,800 for Life Insurance Premium.

(*c*) Gifts and presents include ₹ 3,000 from relatives.

(*d*) Closing Stock of medicine was ₹ 12,000 and Opening Stock was ₹ 4,000 on 1.4.2019.

Compute his income from profession for the Assessment Year 2020-21.

## इकाई / Unit-IV

**4.** A, B एवं C एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं। गत वर्ष में फर्म की आय का ब्यौरा निम्नलिखित है :

| | ₹ |
|---|---|
| (*a*) व्यापार से लाभ (साझेदारों का वेतन घटाने के बाद) | 2,00,000 |
| (*b*) दीर्घकालीन पूँजी लाभ | 1,00,000 |
| (*c*) बैंक जमा पर व्याज | 50,000 |
| (*d*) साझेदारों को पारिश्रमिक | 1,80,000 |
| (*e*) अशोधित ह्रास | 30,000 |
| (*f*) आगे लाई गई व्यापारिक हानि | 2,00,000 |

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (g) | निर्दिष्ट सम्पत्तियों में विनियोग (पूँजी लाभ) | 30,000 |
| (h) | पूँजी लाभ खाता स्कीम 1988 में जमा | 30,000 |

फर्म की कुल आय एवं कर दायित्व की गणना कीजिए।

A, B and C are equal partners in a firm. For the previous year the particulars of the income of the firm are given below:

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (a) | Profit from business after deducting remuneration of partners | 2,00,000 |
| (b) | Long-term capital gains | 1,00,000 |
| (c) | Interest on Bank deposit | 50,000 |
| (d) | Remuneration to partners | 1,80;000 |
| (e) | Unabsorbed depriciation | 30,000 |
| (f) | Brought forward business loss | 2,00,000 |
| (g) | Capital gain invested in specified assets | 30,000 |
| (h) | Amount deposited in Capital Gains A/c Scheme 1988 | 30,000 |

Compute the total income and tax liability of the firm.

*अथवा / OR*

एक हिन्दू अविभाजित परिवार की निम्न सूचानाओं से कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए कुल आय तथा कर दायित्व की गणना कीजिए :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*i*) | सकल कृषि आय | 52,500 |
| (*ii*) | कृषि से संबंधित व्यय | 4,500 |
| (*iii*) | एक भारतीय कम्पनी से लाभांश | 10,000 |
| (*iv*) | अंशों के क्रय-विक्रय के व्यवसाय से लाभ | 10,00,000 |
| (*v*) | उपर्युक्त (*iv*) पर प्रतिभूति लेनदेन पर कर चुकाया | 1,15,000 |
| (*vi*) | एक फर्म के लाभ में हिस्सा | 9,500 |
| (*vii*) | दीर्घकालीन पूँजी हानि | 7,900 |
| (*viii*) | अल्पकालीन पूँजी हानि | 5,000 |
| (*ix*) | बचत खाते पर व्याज | 10,000 |
| (*x*) | अनुमोदित संस्था को चेक द्वारा दान | 10,000 |

From the following detail of HUF, calculate the total income and tax liability for the Assessment Year 2020-21 :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (*i*) | Gross agriculture income | 52,500 |
| (*ii*) | Expenses incurred in connection with agriculture | 4,500 |
| (*iii*) | Dividend from an Indain company | 10,000 |
| (*iv*) | Profit from the business of purchase and sale of shares | 10,00,000 |
| (*v*) | Tax paid on Securities transaction on above (*iv*) | 1,15,000 |
| (*vi*) | Share on the profit of a firm | 9,500 |
| (*vii*) | Long-term capital loss | 7,900 |
| (*viii*) | Short-term capital loss | 5,000 |
| (*ix*) | Interest on Savings Bank Account | 10,000 |
| (*x*) | Donation to an approved institution by cheque | 10,000 |

**इकाई / Unit-V**

5. पुन: कर-निर्धारण से आप क्या समझते हैं? यह किन परिस्थितियों में किया जाता है ?

What do you understand by Reassessment? In what circumstances is it done?

***अथवा / OR***

प्रत्यक्ष करों के केन्द्रीय बोर्ड अथवा आयकर कमिशनर के अधिकारों का वर्णन कीजिए।

Describe the powers of Central Board of Direct Taxes or Commissioner of Income Tax.

——